(b) and (c) The article captioned LPG CONNECTION, THE WAIT GOES ON' in Hindustan Times dated 25th Aug., 1998 alleges that the PSU oil companies are resorting to release of block LPG connections to serveral housing colonies belonging to employees both in private and public sector in Delhi at the cost of those in the waiting list. The oil companies conduct elaborate regular/surprise checks and inspecions of functioning of their LPG distributors and also investigate complaint on their receipt, suitable action is taken against the distributors who are found to be indulging in various malpractices including out of tun? release of LPG connection as per revised LPG Marketing Disciplme Guidelines.

बोम्बे हाईवे "टर्म की" आधार पर तेल निकाला जाना

1971. **श्री गोपाल सिंहाजी सोलंकी** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तेल तथा प्राकृतिक गैस निगम लि0 "टन की" आधार पर "बोम्बे हाई" से तेल निकालने के लिए विश्व स्तर पर निविदाए आमंत्रित कर रहा हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस "टन की आधार के लाभ क्या होंगे :

(घ) क्या तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि0 इन परियोजनाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण रखने का विचार रखता है, और

(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) से (ड) जी नहीं। आयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड ने "टन की" आधार पर बम्बई हाई क्षेत्रों से तले के दोहन के लिये कोई निविदा आमंत्रित नहीं की है । तथापि, ओ.एन.जी.सी. बम्बई हाई क्षेत्र के हाइड्रोकार्बन संसाधनों के इष्टतम दोहन के लिये सलाह देने सुझाव देने और योजनाएं तैयार करने के लिए फिलहाल अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के विशेषज्ञ मैसर्स गाफने क्लाइन एण्ड एसोसिएट्स की परामश सेवाएं किराए पर ली है।

युवा वैज्ञानिको को संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने हेतु कदम उठाया जाना

1972. **श्री रामजीलाल** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 अक्तूबर, 1998 के "जनसत्ता" में "देव ज्योति" के अंधेरे शीर्षक से प्रकाशित सम्पादकीय की ओर दिलाया गया है,

(ख) यदि हां, तो सरकार ने देव ज्योति जैसे युवा वैज्ञानिकों का संरक्षण एवं प्रोत्साहन देने के लिये अब तक क्या कदम उठाये हैं,

(ग) यदि नहीं. तो इसके क्या कारण है, और

(घ) क्या सरकार ने उक्त वैज्ञानिक के उपकरण की प्रथामिकता जानने का प्रयास किया है , यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री संतोष कुमार बंगवार) : (क) जी हां, उक्त सम्पादकीय दिनांक 13 अक्तूबर, 1998 के जनसत्ता में प्रकाशित हुआ था।

(ख) पेट्रोलियम क्षेत्र में सरकार प्रमाणन के अध्याधीन ईधन बचाने वाले उपकरणों के विकास और वाणिज्यिकरण के लिये परियोजनाओं सहित पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के लिये अनुसंधान और विकास परियोजनाओं का प्रयोजन करती है।